>

Title: Need to provide stoppage of Mahananda Express (Train No. 15483/84), Kalka Mail (Train No. 12311/12), Sealdah-Ajmer Express (Train No. 12987/88) and Muri-Amritsar Express (Train No. 18601) at Sirathu, Bharwari and Manauri Railway stations in Kaushambi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): उत्तर प्रदेश का " कौशाम्बी " संसदीय क्षेत्र दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन उत्तर-मध्य रेलवे क्षेत्र में है । रेलवे को अच्छा आय देने वाल स्टेशन सिराथू, भरवारी व मनौरी है जो इलाहाबाद एवं फतेहपुर के मध्य स्थित है । इस दूरी पर कड़ा पर्यटन स्थल है जो कौमी एकता का प्रतीक है । कौशाम्बी एक ऐतिहासिक स्थल है जो राजा उदयन की राजधानी रह चुकी है । ऐसे ऐतिहासिक जगहों पर सिराथू, भरवारी, मनौरी रेलवे स्टेशनों पर महत्वपूर्ण गाड़ियों के ठहराव होने से हजारों तीर्थ यात्रियों को सुविधा होगी एवं रेलवे की आय में वृद्धि होगी । माँ शीतला धाम प्रतिवर्ष लाखों लोग दर्शन के लिए आते हैं । ख्वाजा कड़क अब्दाल की मजार पर जियारत हेतु मुस्लिम हिन्दू दोनों आते हैं । सिद्ध पुरूष संत मलूकदास की साधना स्थली तपोभूमि है । यहाँ निम्न गाड़ियों के ठहराव की आवश्यकता है । अप गाड़ियाँ 15483 महानन्दा एक्सप्रेस, 12311 कालका मेल, 12987 सियालदहा, अजमेर एक्सप्रेस, डाउन गाड़ियाँ 18601 मूरी-अमृतसर एक्सप्रेस, 15484 महानन्दा एक्सप्रेस, 12312 कालका मेल, 12988 अजमेर-सियालदहा एक्सप्रेस का ठहराव रेलवे स्टेशन सिराथू, भरवारी स्टेशनों पर किया जाये ।